हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

12 भारी बरसात के कारण फिर ठहरी जिंदगी रिहायशी ...



12 छात्रों को खिलाई 54844 एल्बेंडाजॉल ..



## खबर संक्षेप

### दो ट्रकों के बीच फंसी कार, व्यक्ति की मौत

**लाडवा।** मंगलवार सुबह लाडवा-रादौर मार्ग पर गांव बड़शामी के नजदीक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो ट्रकों के बीच कार फंसकर बुरी तरह चकनाचूर हो गई। कार सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार का ढांचा पूरी तरह से पिचक गया। शव को बाहर निकालने के लिए पुलिस को कार की बॉडी को काटना पड़ा। वहीं ट्रकों व कार को हटाने के लिए जेसीबी मशीन तक मंगानी पड़ी। सब इंस्पेक्टर विकास ने बताया कि हादसा सुबह लगभग 2 से 4 बजे के बीच हुआ। मृतक की पहचान सतबीर निवासी सिरमौर (हिमाचल) के रूप में हुई है।

### बदमाशों ने व्यक्ति से की मारपीटा, छीना बाइक

**यमुनानगर।** बदमाशों ने गांव मोहड़ी के पास एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसकी बाइक छीन ली। पीड़ित व्यक्ति ने मामले की सूचना व्यासपुर पुलिस थाने में दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव नागलपत्ती निवासी महिंद्र पाल ने थाने में दी शिकायत में बताया कि वह बाइक से किसी काम से जा रहा था। गांव मोहड़ी के पास पहुंचा तो उसे रास्ते में कुछ युवक मिले। आरोपियों ने रोककर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी युवक उसके पास से बाइक छीनकर फरार हो गए।

### युवक से 530 नशीली दवाइयां बरामद

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अपनी टीम के साथ नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए थाना सिटी पेहोवा के एरिया मे मौजूद थी। सूचना मिली कि एक नशा तस्कर शास्त्री नगर मे अवैध नशीली दवाइयों की तस्करी करता है, जोकि अभी शास्त्री नगर से पेहोवा की और नशीली दवाइयों को तस्करी करने जाएगा। मुखबरी पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पेहोवा अनाज मंडी से शास्त्री नगर जाने वाले रास्ते पर नाका लगाकर अवैध नशीली दवाइयों सहित काबू कर लिया गया। उसके पास से 530 नशीली ट्रामडोल दवाइयां बरामद हुई। आरोपी की पहचान जगबीर निवासी गांव बालू (कैथल), वर्तमान पता शास्त्री नगर, पेहोवा के रूप में हुई है।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को किया अगवा

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करके ले गया। पुलिस ने किशोरी के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की 24 अगस्त को सुबह नौ बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस घर नहीं लौटी।

### शराब ठेका पर फायरिंग की कोशिश, केस दर्ज

**लाडवा।** मंगलवार को लाडवा में पुलिस जवान की मुस्तैदी के चलते फायरिंग की वारदात टली। शराब के ठेका पर फायरिंग करने आया युवक ठेके पर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी की मुस्तैदी के चलते बिना फायरिंग के भाग गया। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तस्कर से 8.300 किग्रा चूरापोस्त बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में हरदीप कुमार उर्फ लवली वासी जोला कलां व बहादुर सिंह वासी धर्मगढ़ लालडू मोहाली पंजाब को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 8 किलो 300 चूरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है।

---

नारायणगढ़ में एसडीएम शिवजीत भारती ने अधिकारियों के साथ कालाअंब में घटना वाली जगह का दौरा किया

# हादसे में स्कूली छात्रा की मौत के बाद विद्यालय के निकट यातायात संकेतक चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश, जेब्रा क्रॉसिंग का भी लगाया जाएगा निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

एसडीएम शिवजीत भारती ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ कालाअंब में उस जगह का दौरा किया जहां बीते रोज हुए हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई थी। इस दौरान उनके साथ डीएसपी सूरज चावला, एनएचएआई के अधिकारी तथा ग्रामीण भी उपस्थित थे। एसडीएम ने छात्रा की असामयिक मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त की। आश्वस्त किया कि भविष्य में इस स्थान पर सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय के निकट यातायात संकेतक बोर्ड, चेतावनी चिह्न तथा जेब्रा क्रॉसिंग के निशान लगाए जाएं। लोगों की मांग पर उन्होंने सेंट फ्रांसिस एकेडमी के पास सड़क किनारे पर लगी रेलिंग के भीतर किए गए अतिक्रमण को हटाने के भी निर्देश दिए।



नारायणगढ़। ग्रामीणों से बातचीत करती एसडीएम व अन्य अधिकारी।

#### सुरक्षित मार्ग मिल पाएगा

एनएचएआई व पुलिस अधिकारियों को दिए। इससे पैदल चलने वालों को सुरक्षित व सुगम मार्ग मिल पाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्कूल के पास फोरलेन सडक के डिवाइडर पर लगी रेलिंग को उंचा किया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति असुरक्षित रूप से सडक पार न कर सके। इसके अतिरिक्त, पास स्थित ड्रेनों को कवर करने के भी निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि सेंट फ्रांसिस एकेडमी के पास नाहन की ओर जाते हुए फोरलेन पर जो कट है।

#### छुट्टी पर पुलिस तैनात रहेगी

विद्यालय लगने से एक घंटा पूर्व तथा दोपहर में छुट्टी के समय दो पुलिसकर्मी और स्कूल स्टाफ के दो सदस्य अनिवार्य रूप से तैनात रहेंगे जिससे बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि विद्यालय लगने से एक घंटा पहले और छुट्टी के समय विद्यालय गेट पर कम से कम दो स्टाफ सदस्य मौजूद रहें। ये बच्चों को सुरक्षित रूप से सडक पार करवाने में सहयोग करेंगे।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए

विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों से भी उन्होंने आह्वान किया कि जिन विद्यालयों का प्रवेश द्वार मुख्य मार्गों पर है वहां सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। बच्चों को सडक पार करवाने में लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर डीएसपी सूरज चावला ने कहा कि सडक सुरक्षा सभी की सांझा जिम्मेदारी है। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस प्रकार के संवेदनशील क्षेत्रों में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

---

राष्ट्रीय राजमार्ग 72 के अंबाला शहजादपुर मार्ग पर हादसा

# अनियंत्रित होकर निजी स्कूल की बस से टकराई बाइक रेहड़ी, चालक की मौत

- पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज कर जांच शुरू की

*घायल रेहड़ी चालक को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया गया। इलाज के दौरान रेहड़ी चालक की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 72 के अंबाला शहजादपुर मार्ग पर स्कूल बस और मोटरसाइकिल रेहड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में रेहड़ी चालक घायल हो गया। घायल रेहड़ी चालक को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया। ईलाज के दौरान रेहड़ी चालक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नारायणगढ़ सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। मंगलवार दोपह को धनाना की साइड से बच्चों को उतार कर आ रही एक निजी स्कूल बस के साथ एक मोटरसाइकिल रेहड़ी टककरा गई। इसके कारण मोटरसाइकिल रेहड़ी पलट गई। चालक घायल हो गया। ईलाज के दौरान दम तोड़ने वाले रेहड़ी चालक की पहचान लगभग 40 वर्षीय धनाना के संजीव कुमार के रूप में हुई। स्कूल बस के चालक ने बताया कि मोटरसाइकिल रेहड़ी ओवर लोड थी। इसके कारण रेहड़ी का कोई पार्ट टूट गया। इसकी वजह से वह अनियंत्रित हो गई। चालक ने बताया कि उसने बचाने की बहुत कोशिश की परन्तु बावजूद इसके टक्कर हो गई।



शहजादपुर। घायल रेहड़ी चालक का उपचार करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### बिजली तार से टकराया कैंटर, चालक की मौत

**यमुनानगर।** गांव परवालो के समीप मंगलवार सुबह कैंटर ऊपर से निकल रही बिजली की तारों से टकरा गया। जिस कारण कैंटर में करंट आने से चालक बूरी तरह से झुलस गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल स्थित शवगृह में रखवा दिया। वहींए हादसे के बाद मार्ग जाम हो गया। पुलिस ने कैंटर हटाकर जाम को खुलवाया। जम्मू निवासी 35 वर्षीय बिट्टूदीन मंगलवार सुबह करीब छह बजे कैंटर में प्लाईवुड फैक्टरी से सामान लेने के लिए गांव परवालों के रास्ते जा रहा था। इसी दौरान गांव में ऊपर से निकल रही बिजली तारों से कैंटर छू गया। इससे जोरदार धमाका हुआ। कैंटर के पीछे चारों टायर भी फट गए। हादसे में कैंटर में करंट आ गया। जिससे चालक बिट्टूदीन करंट के धमाके से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाके की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पाया कि चालक कैंटर से नीचे सड़क पर बेसुध पड़ा है। सूचना डायल 112 पर दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को यमुनानगर के सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### एम्बुलेंस की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** शहर के खजूरी रोड जठलाना के पास एम्बुलेंस की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी एम्बुलेंस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव मोहड़ी निवासी कुलदीप कुमार ने जठलाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा 30 वर्षीय रोहित सोमवार को अपनी बाइक से जा रहा था। शाम को चार बजे खजूरी रोड जठलाना के पास तेज गति से एम्बुलेंस लेकर आ रहे जतिन शर्मा ने उसके भतीजे रोहित की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसका भतीजा घायल हो गया। राहगिरों ने उसके भतीजे को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

---

316 शिक्षकों ने अपने मत का प्रयोग किया

# कुवि शिक्षक संघ के प्रधान बने डॉ. जीतेंद्र खटकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



डॉ. जीतेंद्र खटकड़ ने 196 मत लेकर विजय रहे

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कुटा) चुनाव मंगलवार को संपन्न हुआ। कुटा चुनाव में डा. जीतेंद्र खटकड़ ने 196 मत लेकर विजय प्राप्त की जबकि उनके प्रतिद्वंदी डॉ. नरेश सागवाल को 112 मत प्राप्त हुए। 5 वोट रद हुए। प्रधान पद पर डा. जीतेंद्र खटकड़ ने 84 मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। चुनाव में कुल 316 शिक्षकों ने अपने मत का प्रयोग किया जबकि 12 पोस्टल मत डले। वहीं उप प्रधान पद पर डा. विजय कुमार ने जीत हासिल की है। डा. विजय कुमार को 165 और उनक प्रतिद्वंदी डा. सुधीर कुमार को 140 मत प्राप्त हुए। डा. विजय कुमार ने 25 मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। उप प्रधान पद पर 11 वोट रद्द हुए। इसके अलावा सचिव पद पर डा. सुरेश कुमार ने विजय प्राप्त की है। डा. सुरेश कुमार को 179 और उनके प्रतिद्वंदी डा.संजय कुमार को 129 मत प्राप्त हुए। डा. सुरेश कुमार ने 50 मतो के अंतर से विजय प्राप्त की। कोषाध्यक्ष पद पर डा. राजवीर पहले ही निविरोंध चुने जा चुके है।

# कुरुक्षेत्र: नशा तस्कर को 3 साल की सजा और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी अजय व हिमांशु वासीयान नीलोखेडी जिला करनाल को 3 साल कारावास व 10 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक प्रेम चंद लाडवा रादौर टी पॉइंट के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर र लाडवा रादौर टी पॉइंट पर नाकबंदी करके अजय व हिमांशु वासीयान नीलोखेडी जिला करनाल को कार सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 5 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ था। थाना लाडवा में केस दर्ज हुआ था।

---

### न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर युवक से ठगे 2.20 लाख

**यमुनानगर।** न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर गांव मगरपुर निवासी सुभाष चंद से दो लाख 20 हजार रुपये हड़प लिए। आरोप कुसुम रानी व गुरविंद्र पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मगरपुर निवासी सुभाषचंद ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान कुसुम रानी व गुरविंद्र लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं।

# जेल से मोबाइल फोन बरामद

- 4 आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने जेल से मोबाइल फोन बरामद कर 4 आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने जेल से मोबाईल फोन बरामद मामले में कृष्ण कुमार वासी दादुपुर जिला करनाल, राजेश उर्फ भूरिया वासी काकडोद जिला जींद, विशाल उर्फ लाडी वासी अमरगढ़ जिला कुरुक्षेत्र व शमशेर सिंह उर्फ शेरा वासी चोला साहिब जिला तरनतारण पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 19 अगस्त 25 को जेल अधीक्षक ने बताया कि जिला जेल कुरुक्षेत्र में उप जेल अधीक्षक के नेतृत्व प्रतिदिन जेल के कैदियों की तलाशी ली जाती है। 19 अगस्त 25 को समय करीब 3 बजे ब्लाक नंबर 4 के कमरा नंबर 2 की अचानक तलाशी ली गई।

### पानीपत में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने 19 अगस्त की रात नैन गांव में रजवाहे के पास रंजिशन मोनू निवासी गांव नैन की चाकू से वार कर हत्या करने के आरोपी गांव परढाना निवासी जोनी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने मोनू हत्याकांड की पूरी जानकारी लेने के लिए जोनी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। मोनू हत्याकांड में थाना मतलौडा में गांव नैन निवासी रवि पुत्र राजेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

---

पुलिस ने कैफे व स्पा सेंटर्स पर मारा छापा

# संदिग्ध हालत में युवक एवं युवतियां पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्ण कनाल के पास चल रहे कुछ कैफों और स्पा सेंटर्स पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने वहां बने छोटे-छोटे केबिनों में संदिग्ध हालत में युवक और युवतियों को पाया। जानकारी के अनुसार इन केबिनों को घंटे के हिसाब से किराए पर दिया जाता था, जहां 200 रुपये प्रति घंटा वसूलकर गलत काम करवाए जा रहे थे। छापेमारी के बाद इलाके के कैफों और स्पा सेंटर्स में हड़कंप मच गया। मौके से पुलिस ने कई युवक और युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। सिविल लाइन थाना प्रभारी रामलाल ने बताया कि पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि इन कैफों और स्पा सेंटर्स में गलत गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इन्हीं शिकायतों की पुष्टि करने के लिए मंगलवार को रेड डाली गई।



---

हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष किरमच ने कहा

# पवित्र तट सरस्वती का किया जाएगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती तीर्थ के जीर्णोद्धार व विकास के लिए हरियाणा सरकार लगातार कार्य कर रही है। हर वर्ष सरस्वती तट पर कई बड़े आयोजन किए जाते हैं। इनमें सरस्वती महोत्सव तथा चेत्र चौदस का मेला अहम हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक माह अमावस के दिन भारी संख्या में लोग सरस्वती तीर्थ पर स्नान करने पंहुचते हैं। वे मंगलवार को सरस्वती तीर्थ पर मुआयना करने पंहुचे। इस मौके पर उन्होंने सिंचाई विभाग के विश्रामगृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सरस्वती विकास बोर्ड के सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक ली।

अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए



पिहोवा। सिंचाई विभाग के विश्रामगृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सरस्वती विकास बोर्ड के सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक करते हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच।

#### सरस्वती तीर्थ के जल का प्रवाह को बढ़ाने पर चर्चा

*हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने बैठक में अधिकारियों से बातचीत करते हुए सरस्वती तीर्थ के विकास एवं जीर्णोद्धार तथा अन्य पहलुओं पर अधिकारियों से उनके सुझाव मांगे। इस मौके पर उन्होंने सरस्वती तीर्थ पर जल प्रवाह की साफ-सफाई को लेकर अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरस्वती तीर्थ के जल का प्रवाह और अधिक बढ़ाने के लिए उच्च अधिकारियों की योजना व नीति बनाकर कार्य करना बेहद अनिवार्य है। क्योंकि सरस्वती तीर्थ पिहोवा पर मेलों व त्यौहारों तथा अन्य अवसरों पर लोगों की भीड़ लगी रहती है। इन मौकों पर लोगों द्वारा पिंडदान का कार्य करवाया जाता है, जिसकी सामग्री को जल में प्रवाह किया जाता है।*



पानीपत। चीन जाने वाले भारतीय दल का संयुक्त फोटो

### डॉ. कोटनिस की विरासत के साथ चीन रवाना हुआ भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**पानीपत।** भारत में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के अटैची ने भारत के नौ सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल को चीन के लिये रवाना किया। भारत से डॉ. डीएन कोटनिस एक्युपंचर हॉस्पिटल लुधियाना की तरफ से हरियाण पानीपत से मुस्कान भयाना, वरुण चोपड़ा दिल्ली व अन्य सात सदस्यों को अलग-अलग प्रदेशों से चीन के लिये रवाना किया है। जो चीन के अलग-अलग स्थान में जाकर भारत की संस्कृति के बारे में जानकारी देंगे। प्रतिनिधिमंडल की सदस्य मुस्कान भयाना पानीपत व वरुण चोपड़ा दिल्ली ने अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि द्वारकानाथ कोटनिस ने चीन-जापान युद्ध के दौरान हजारों चीनी सैनिकों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रतिनिधिमंडल का मुख्य उद्देश्य से हमें चीन भेजा गया है हमारा प्रयास रहेगा की भारत और चीन की दोस्ती को मजबूत करें ताकि जिस तरह से पूरे विश्व में भारत तीसरी सबसे अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है उसमें भारत व चीन की दोस्ती विश्व में एक उदाहरण प्रस्तुत करें।

**खबर संक्षेप**

### राजकीय कालेज में मनाया गया कृमि मुक्ति दिवस

**घरौंडा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में विद्यार्थियों को पेट के कीड़े मारने की दवाई एल्बेंडाजोल खिलाई गई। इस अवसर पर सीएचसी घरौंडा से एएनएम सुमन और सोनिया ने विद्यार्थियों को बताया कि न्यूट्रिशनल एनीमिया का एक बड़ा कारण पेट के कीड़े होना भी है। कृमिनाशक दवा का सेवन करवाकर कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाया जा सकता है।

### 30 को लगेगा राज्य स्तरीय रोजगार मेला

**करनाल।** हरियाणा सरकार के सहयोग से देश भगत विश्वविद्यालय (पंजाब) द्वारा 30 अगस्त को सुबह 9 बजे स्थानीय डॉ. मंगलसेन सभागार में 75वां राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### डीएलएसए ने किया कवि सम्मेलन का आयोजन

**करनाल।** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में "सम्मान से जीवन, अधिकार से रक्षा" अभियान के अंतर्गत निर्मल धाम वरिष्ठ नागरिक सदन में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सीजेएम एवं डीएलएसए सचिव डॉ. इरम हसन ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

### दंगा पीड़ित परिवारों को नौकरी देने का फैसला सराहनीयः त्रिलोचन सिंह

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 1984 के दंगों में मारे गए लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की चारों ओर सराहना हो रही है। करनाल में भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक कदम उठाया है, जिससे प्रदेश के लगभग 121 परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इनेलो और कांग्रेस की सरकारें वर्षों तक सत्ता में रहीं, लेकिन उन्होंने दंगा पीड़ितों के लिए कोई ठोस पहल नहीं की।

### पंडित चिरंजीलाल कालेज में कार्यशाला संपन्न

**करनाल।** पंडित चिरंजीलाल राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इको-क्लब, होम साइंस विभाग, वीमेंस सेल और एनएसएस द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने की और संचालन डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. सुनीता चोपड़ा, डॉ. कर्मजीत, डॉ. मनमीत कौर और प्रीति ने किया।

### अवैध रेडी मिक्स कंक्रीट प्लांट की सूचना दें : डीसी

**करनाल।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेडी मिक्स कंक्रीट प्लांट का संचालन प्रतिबंधित है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि यदि कहीं भी ऐसा प्लांट चलता मिले तो आमजन इसकी सूचना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, नमस्ते चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास दे सकते हैं।

## कल्पना चावला मेडिकल में हृदय रोग व न्यूरो विशेषज्ञों की नियुक्ति की मांग

# विधायक ने विधानसभा में उठाई करनाल की स्वास्थ्य, रोजगार व विकास की मांगें

रोजगार से जुड़े मुद्दों पर कहा कि कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा का लाभ दिया जाए



हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

विधायक जगमोहन आनंद ने हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान करनाल क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग व न्यूरो विशेषज्ञों की नियुक्ति और अत्याधुनिक पैथोलॉजी लैब की स्थापना की मांग रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मरीजों को बड़े शहरों में जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक और मानसिक दबाव बढ़ता है। साथ ही कॉलेज में केवल 950 पद स्वीकृत हैं जबकि अन्य मेडिकल कॉलेजों में यह संख्या 1527 है। इसलिए यहाँ पद बढ़ाए जाएँ ताकि अधिक डॉक्टर और स्टाफ उपलब्ध हो सके। उन्होंने रोजगार से जुड़े मुद्दों पर कहा कि कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा का लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा 15 अगस्त 2024 तक पाँच वर्ष पूरे करने वालों को लाभ देने का निर्णय सराहनीय है, लेकिन इसमें 15 अगस्त 2025 तक पाँच वर्ष पूरे करने वालों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि करनाल-मेरठ रोड व सेक्टर-6 चौक पर फ्लाईओवर का निर्माण अति आवश्यक है। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर-12 निर्मल कुटिया चौक से महात्मा गांधी चौक तक फ्लाईओवर ब्रिज बनाने की भी मांग की, ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या से जनता को राहत मिल सके। विधायक ने शहर के विकास की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि करनाल का नया मास्टर प्लान जल्द लागू किया जाए, ताकि अवैध कॉलोनियों की बढ़ती संख्या पर रोक लगे और सुनियोजित विकास हो सके। साथ ही कर्ण लेक का सौंदर्यीकरण और पर्यटन की दृष्टि से इसका विकास किया जाए। उन्होंने एचएसवीपी से संबंधित समस्याओं पर कहा कि सेक्टर-32 में प्रस्तावित 200 बेड के अस्पताल हेतु जमीन का हस्तांतरण शीघ्र किया जाए।

## इंद्री विधायक ने विधानसभा में रखे विकास के मुद्दें

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने विधानसभा सत्र में शून्यकाल के दौरान इंद्री विधानसभा क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं। उन्होंने अल्फा सिटी की टूटी हुई सड़कों, मंगलपुरा और बुढ़ाखेड़ा के निवासियों को मालिकाना हक देने और सिंचाई विभाग की जमीन पर रह रहे लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और सरकार से इन मांगों को जल्द पूरा करने का आग्रह किया।

**सिंचाई विभाग की जमीन पर रह रहे लोगों को मालिकाना हकः** विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि राज्य में करीब 4491 परिवार सिंचाई विभाग की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे हैं, जिनमें से कुछ 70 साल से भी अधिक समय से वहां रह रहे हैं। इंद्री में भी ऐसे 350 परिवार रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विभाग की जिम्मेदारी है कि वह इस दिशा में काम करे, लेकिन 70 सालों तक विभाग सोता रहा और अब इन परिवारों को जगह खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि जिस तरह पंचायत में रहने वालों को मालिकाना हक दिया गया है, उसी तरह इन सभी परिवारों को भी मालिकाना हक दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को मानवता के आधार पर इन सभी परिवारों को मालिकाना हक देने का काम करना चाहिए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

**अल्फा सिटी की खस्ताहाल सडक़ों की जल्द हो मरम्मतः** विधायक रामकुमार कश्यप ने अल्फा सिटी का जिक्र करते हुए कहा कि 2005 में इसे विकसित किया गया था और यहां करीब 1300 परिवार रहते हैं। उन्होंने बताया कि यहां की सडक़ें पूरी तरह से टूट चुकी हैं, जिससे हर वर्ग के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इस संबंध में एसोसिएशन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिल चुकी है और वह स्वयं भी इस मुद्दे को पहले



# दांतों को बचाना है तो जंक फूड से तौबा करें: अनूप जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

- भारतीय विकास परिषद ने जैन डेंटल क्लीनिक के सहयोग से चलाया जागरुकता अभियान
- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैक्टर 13 में साढ़े चार सौ बच्चों को किया जागरूक

भारत विकास परिषद सूरज शाखा ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैक्टर 13 में स्कूली बच्चों के लिए दंत रोग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को दांतों के रख रखाव तथा बीमारियों के बारे में प्रदेश के जान माने सीनियर दंत रोग विषेषज्ञ डा. अनूप जैन ने जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को स्लाइडों के माध्यम से दांतों के रखरखाव और उनकी बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को जंक फूड से परहेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाकलेट और मिठाई आकि खाने से दांत खराब हो जाते ळैं। उन्होंने कहा कि सोने से पहले तथा संबह सभी को ब्रश करना चाहिए। खाने के बाद मुंह में पानी लेकर गरारे कारना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने ब्रश करने का तरीका भी बताया। कार्यक्रम में लगभग सौ से अधिक बच्चों को ब्रश और स्वदेशी टूथ पैस्ट दिए। इस अवसर पर साढ़े चार सौ बच्चों को उन्होंने फ्री डेंटल चैकअप के लिए टिकिट दीं। कार्यक्रम में परिषद की अध्यक्ष डा. स्वर्णलता कठपाल ने डा. अनुप जैन और स्कूल की प्रिंसिपल को स्मृति चिन्ह दिए। इस अवसर पर स्वर्णलता कठपाल और भूषण गोयल ने बच्चों को परिषद के बारे में बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने दो बार ब्रश करने का संकल्प लिया। डा. जैन साढ़े तीन दशक से बच्चों में दांतों के रखरखाव को लेकर अभियान चला रहे हैं। इस अवसर पर कर्नल काठपाल, प्रीति कुकरेजा, राजेंद्र गौड़, प्रोङ आई जी नागपाल, श्रीती नागपाल, रेखा सुखीजा, राही सहित विभिन्न सदस्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# डीएवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि-मुक्ति दिवस पर लगाया कैंप




हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

- रेड क्रॉस व रेड रिबन क्लब की ओर से किया गया आयोजन

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या श्रीमती मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में यूथ रेड क्रॉस व रेड रिबन क्लब की ओर से राष्ट्रीय कृमि-मुक्ति दिवस पर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को परजीवी आंतों के कीड़ों से होने वाले नुकसान और उनके बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। सिविल डिस्पेंसरी की कुसुम लता और संयोजिकाएँ डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. रेनू बालियान, डॉ. पुनम खुण्डू व डॉ. सुनीता सलारिया के सहयोग से 968 छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा वितरित की गई। प्राचार्या ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूँजी है और इसे सुरक्षित रखना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। मॉप-अप डे 2 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा।

### नगर पालिका ने चलाया स्वच्छ हरियाणा अभियान

**तरावड़ी।** सरकार के निर्देशानुसार और नगर पालिका तरावड़ी सचिव अजीत कुमार के आदेश अनुसार शहर तरावड़ी में स्वच्छ हरियाणा अभियान 2025 के तहत हरियाणा शहर स्वच्छता कैंपेन 2025 की शुरुआत 24 अगस्त से शुरू हो चुकी है । यह अभियान 33 सप्ताह यानि 24 अगस्त से लेकर 7 नवंबर 2025 तक चलाया जाएगा । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में विभिन्न प्रकार की स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां चलाकर शहर के लोगों का ध्यान स्वच्छता के प्रति आकर्षित करना और शहर का हर मकान,हर गली, हर मौहल्ला, और हर सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ और साफ सुथरा बनाना है । इसी कड़ी में शहर तरावड़ी में इस अभियान पर पुरजोर तरीके से कार्य किया जा रहे हैं ।

# बैठक को सफलत को बनी रणनीति

- 29 अगस्त को पूरे प्रदेश में कर्मचारी करेंगे विरोध गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक इंद्री की मीटिंग इंद्री पावर हाउस के प्रांगण में हुईं । जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान शंटी कांबोज ने की व संचालन राजीव राठी ने किया । मीटिंग में मुख्य रूप से एसकेएस के जिला वरिष्ठ उपप्रधान मलकीत सिंह मौजूद रहे । मीटिंग को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों की लगातार अनदेखी की जा रही है । उन्होने कहा कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा है, आठवें वेतन आयोग की कोई कमेटी गठित नहीं की जा रही जिसको लेकर 29 अगस्त को पूरे प्रदेश में सभी विभागों में विरोध गेट मीटिंग की जाएगी । उसके बाद आगामी आंदोलनों को तेज करने के लिए 2 सितंबर को ब्लॉक इंद्री का सम्मेलन किया जाएगा । इस मौके पर अध्यापक संघ से मानसिंह चंदेल, महेश मेहता, संजीव मलिक, हुस्न लाल, राजेश, नवयोग सिंह, बुधराम व रजनीश आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



**इंद्री।** इंद्री पावर हाउस के प्रांगण में मीटिंग करते कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*



## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत 4.91 लाख बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली

**करनाल।** सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस अभियान में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों के अलावा 20 से 24 वर्ष की उन महिलाओं को भी शामिल किया गया जो गर्भवती या स्तनपान कराने वाली नहीं हैं। जिले में कुल 4 लाख 91 हजार बच्चों को यह गोली दी गई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. केशव वधवा ने बताया कि बच्चों में पेट के कीड़े (कृमि) खून की कमी और कुपोषण के बड़े कारणों में से एक हैं। इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। गंभीर संक्रमण की स्थिति में दस्त, उल्टी, जी मिचलाना, पेट दर्द, कमजोरी और पढ़ाई में ध्यान न लगना जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो जाती हैं

# छात्रों की प्रतिभा के लिए मंच जरूरी

- खंड स्तरीय गतिविधियों का किया आयोजन
- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर करनाल के सौजन्य हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री के प्रांगण में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर करनाल के सौजन्य से खंड स्तरीय गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य ज्योति खुराना ने किया। इस अवसर पर प्रो. बृजेश ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने और सीखने पर बल दिया। प्राचार्या ज्योति खुराना एवं डॉ. सुरेन्द्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है और शिक्षकों का दायित्व है कि वे प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों के माध्यम से उन प्रतिभाओं को निखारें। इस मौके पर मनोज, रमेश, युगल किशोर, पवन, सरस्वती, रेखा, नीलम व मीना




**इंद्री।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री मे छात्राओं को जानकारी देते अध्यापक। *फोटो: हरिभूमि*



## भाविप ने लगाया श्री हनुमान मंदिर में लंगर

**करनाल।** भारत विकास परिषद कर्ण शाखा के सांस्कृतिक पखवाड़े के दूसरे दिन सेक्टर 14, नमस्ते चौक स्थित पंचमुखी श्रीहनुमान मंदिर में भगवान श्रीहनुमान जी को भोग अर्पित कर वंचित परिवारों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। परिषद् के सक्रिय सदस्य डॉ. नितिन गोयल की सुपुत्री हर्षिता के जन्मदिवस होने के चलते यह आयोजन विशेष रहा। इस पावन अवसर पर पूरे कार्यक्रम का प्रबंध एवं प्रायोजन डॉ. नितिन गोयल द्वारा किया गया। सभी उपस्थितजनों ने मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक व सांस्कृतिक भावनाओं से ओत-प्रोत वातावरण का अनुभव किया। परिषद की अध्यक्ष ज्योति चौधरी ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा समय समय पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में सांस्कृतिक एकता और समर्पण का संदेश भी देता है। पूरे दिन चलने वाले इस भव्य आयोजन ने शहर को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया।

## पीएनबी ने वित्तीय समावेशन अभियान के तहत लगाया शिविर

# ग्रामीणों को वित्तीय सुधारों से करवाया अवगत

- अभियान के तहत प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

पंजाब नेशनल बैंक ने वित्तीय सेवाएं विभाग के तीन माह के वित्तीय समावेशन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बीड़ नारायणा में एक विशेष शिविर आयोजित किया। शिविर में ग्रामीणों को सरकार की वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से जोड़ा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार, मुख्य प्रबंधक, अंचल कार्यालय चंडीगढ़ रहे। इस अवसर पर सुशील कुमार हन्दूजा, अग्रणी जिला प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक करनाल, ग्राम सरपंच बिट्टू राम, पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह, आरसेटी काछवा के निदेशक हरीश खरबंदा और एफएलसी चंदर मोहन रेलन मंचासीन रहे।



**जागरूक किया**

अभियान के तहत प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, बचत खातों की री-KYC प्रक्रिया, डिजिटल लेनदेन और साइबर सुरक्षा जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामवासियों में शिविर को लेकर उत्साह देखने को मिला और महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान 115 आवेदन फार्म एकत्रित किए गए। अंत में सुशील कुमार हन्दूजा ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों का धन्यवाद किया।

# ट्रेन की चपेट में आने से फोटोग्राफर की मौत

- जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



करनाल में ट्रेन की चपेट में आने से एक फोटोग्राफर की मौत हो गई। हादसा रेलवे ट्रैक क्रॉस करते समय हुआ। हादसे में घायल फोटोग्राफर को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में ले जाया गया, लेकिन स्थिति ठीक न होने पर उसे प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद जीआरपी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जीआरपी मामले की जांच कर रही है। घर से क्लाइंट को मिलने गया था विनोद मृतक विनोद वर्मा मूलरूप से प्योंत के रहने वाले थे और करीब 45 साल पहले परिवार करनाल में आ गया था। इन्होंने कलंदरी गेट पर चाहत स्टूडियो बनाया हुआ है। मृतक के भाई अशोक कुमार वर्मा पुलिस महकमें में है और एनसीबी में लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते है। अशोक वर्मा ने बताया कि सोमवार की रात को विनोद घर से करीब 10 बजे निकले थे।उन्हें किसी क्लाइंट से मिलना था और वे अपना फोन भी घर पर भूल गए थे। वह अपनी स्कूटी पर गए थे और स्कूटी स्टेशन के बाहर खड़ी करने के बाद ट्रैक क्रॉस करके अपने क्लाइंट के पास चले गए थे। वहां से करीब 12 बजे घर लौट रहे थे, जैसे ही वे रेलवे ट्रैक क्रॉस करके स्कूटी की तरफ आ रहे थे तो ट्रेन ने उनको साइड मार दी।

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक खेती करें किसान

**इसराना।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को प्रभावी बनाने हेतु मौलिक शिक्षा विभाग पंचकूला व संयुक्त राष्ट्र विश्व कार्यक्रम एवं स्पीड सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में इसराना के मॉडल संस्कृति विद्यालय में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। डा.जेके नांदल ने शिक्षकों को प्राकृतिक एवं जैविक विधि से विद्यालयों में पोषण वाटिका बनाने पर जोर दिया एवं इसकी बारीकियों के बारे में समझाया।

### एचआईवी एड्स पर व्याख्यान दिया

**पानीपत।** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब व यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी एड्स के नियंत्रण एवं बचाव के विषय पर सिविल अस्पताल से डॉ.अंजू ने मार्ग दर्शन किया। वहीं उपाचार्या डॉ.अनुराधा सिंह व यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के काउन्सलर डॉ.विजय सिंह ने मुख्य वक्ता का इस अवसर पर डॉ.विजय सिंह, खुशबू वर्मा व अंजू शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला स्थित मोहित पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके बच्चों को सीएससी अधिकारी संदीप कुमार, आशा वर्कर्स द्वारा अल्बेंडाजोल की खुराक दी गई, जो पेट के कीड़े खत्म करने में मदद करती है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र पाल, सागर सेन, किरण रानी, मधुबाला, अनुसुधा, पूजा, भूमिका, तनु, जिया, खुशी व तान्या आदि उपस्थित रहे।

### औषधीय वाटिका नैनो जंगल 27 का निर्माण किया

**पानीपत।** ग्रीन मिशन पानीपत के तहत नई राह संस्था ने गवर्नमेंट संस्कृति स्कूल पानीपत में औषधीय वाटिका नैनो जंगल 27 का निर्माण किया। मुख्य अतिथि जॉइंट कमिश्नर मनी त्यागी ने वाटिका का निरीक्षण कर निगम द्वारा पौधे लगाने के ग्रीन मिशन हेतु सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। वहीं स्कूल प्रशासन वाटिका की देखरेख करेगा।

### साइबो ने खर्ब को सम्मान दिया

**पानीपत।** साइन बोर्ड के अध्यक्ष व जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा भगवान अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं आदि की सेवा करने वाली पानीपत की श्री महादेव अमरनाथ सेवा समिति के प्रधान एडवोकेट दिलावर खर्ब को सम्मानित किया गया।

### नशे के विरूद्ध जागरूक किया

**समालखा।** पुलिस विभाग की ओर से एएसआई जगपाल सिंह द्वारा मंगलवार को वैसर गांव में ग्रामीणों को नशा के विरूद्ध जागरूक किया। जिस भी घर में कोई भी सदस्य नशा करते हैं तो उनका इलाज पानीपत पुलिस की देखरेख में सरकारी अस्पताल पानीपत में फ्री करवाने व जो व्यक्ति नशा बेचते हैं उनकी शिकायत करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1933 बारे जागरूक किया।

### सोलर पंप पर मिलेगा अनुदान

**पानीपत।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा सोलर पंप लगाने के लिए किसानों को पीएम कुसुम योजना के तहत विशेष अनुदान दिया जा रहा है, ताकि किसानों पर ज्यादा वित्तीय बोझ न पड़े और उन्हें पारंपरिक पम्पों से छुटकारा मिल सके। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने दी।

### चेन स्नैचिंग के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों धीरज पुत्र कश्मीरी लाल निवासी पूरेवाल कॉलोन व सागर मणि पुत्र सोमनाथ निवासी मॉडल टाउन को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में चेन स्नैचिंग की तीन वारदातें करना कबूला है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि 22 अगस्त को शांति नगर में महिला उपासना से मंगलसूत्र स्नैचिंग की वारदात करना स्वीकारा है और इस केस में थाना माडल टाउन में शांति नगर निवासी उपासना पत्नी संजय भारद्वाज की शिकायत पर केस दर्ज है।

---

### मुहिम का शुभारंभ प्रोफेसर रीना व रितु ने किया

# चौधरी देवीलाल कॉलेज में छात्राओं ने पौधे रोपे

■ पर्यावरण घना होने से प्राकृतिक आपदाएं नहीं आएगी और प्रदूषण नहीं बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** चौधरी देवीलाल कॉलेज गांव सिवाह में पौधे रोपते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स। फोटो :हरिभूमि

चौधरी देवीलाल महाविद्यालय सिवाह में ईको क्लब आओ मिलकर एक पौधा अपने नाम एक पौधा अपनी माता व पिता के नाम पर लगाओ मुहिम का शुभारंभ प्रोफेसर रीना व रितु ने किया।

प्रो. रितु ने छात्राओं को पर्यावरण के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी। वहीं पर्यावरण घना होने से प्राकृतिक आपदाएं नहीं आएगी और प्रदूषण नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने, पिता, माता के नाम पौधे रोपने चाहिए और उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए। इधर, प्रिंसिपल डॉ. सुमन लता ने छात्राओं को पौधे भेंट किए और अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने की अपील करते हुए कहा कि बरसात में रोपा गया पौधा तेजी से बढ़ा होता है, इसके मद्देनजर मानसून के दौरान छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपते हुए उनकी देखभाल करनी चाहिए।

---

# पौधे रोप कर उन्हें अपनी औलाद की तरह पालें: पोसवाल



**पानीपत।** सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष रंजीता कौशिक पौधे भेंट करत हुए। फोटो :हरिभूमि

■ नगराधीश ने पौधों के पर्यावरणीय महत्व पर विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को जिला सचिवालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों की 101 महिलाओं को सहजन, आंवला, बेल पत्थर सहित कई औषधीय एवं फलदार पौधे रोपने के लिए भेंट किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने की। कार्यक्रम में नगराधीश ने पौधों के पर्यावरणीय महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पौधे को रोप कर उसे अपनी औलाद की तरह पाले। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी सुखी होगी। इस अवसर पर अधीक्षक निर्मला दहिया, रेखा पांचाल, सीमा कुमारी, निर्मल, संगीता, पूनम, मोनिका, शीला, निधि, नीलम आदि उपस्थित रहे।

### वर्षा में पौधरोपण किया

**पानीपत।** पानीपत ग्रीन मिशन के तहत एक लाख पौधे लगाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसमें दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, मिशन के तहत वार्ड नौ में पार्षद नवल जिंदल और वार्ड दस में पार्षद कमल अरोरा के साथ राम कुमार सैनी, दीवान चंद चावला, महेंद्र कंसल संदीप जिंदल, पार्षद रोकी गहलोत, प्रीतम गुर्जर, हिमांशु कटारिया मुकेश बॉस, जगदीश धमीजा, अमित गुप्ता ने वार्ड को हरा भरा बनाने के लिए किला पार्क और लाइब्रेरी परिसर में पौधरोपण किया।

---

# शहरी व ग्रामीण अंचल में स्वच्छता अभियान सात नवंबर तक चलेगा




**पानीपत।** स्वच्छता अभियान को लेकर बैठक करते हुए अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

■ स्वच्छता अभियान का उद्देश्य समाज, गांव, शहर और संस्थानों को स्वच्छ और स्वस्थ रखना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय में स्वच्छता अभियान को लेकर बैठक की। वहीं स्वच्छता अभियान का उद्देश्य समाज, गांव, शहर और संस्थानों को स्वच्छ और स्वस्थ रखना है। इस अभियान के अंतर्गत सड़कें, नालियां, सरकारी कार्यालय, विद्यालय, अस्पताल, और सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए पर्यावरण को बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं शहरी व ग्रामीण अंचल में स्वच्छता अभियान सात नवंबर तक चलाया जाएगा। एडीसी डॉ. पंकज यादव ने बताया कि सफाई अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग के लिए हर सोमवार को सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया की सभी थानों की भी सफाई की जाएगी।

---

# देश, समाज, मानवता की सेवा करें विद्यार्थी: ढांडा

■ अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट देकर उनको सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आईबी कालेज में मुख्याथिति हरपाल ढांडा व प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक के साथ टीचर्स व स्टूडेंट्स। फोटो :हरिभूमि

आईबी कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा ओरिएंटेशन मेरिट प्रमाण पत्र वितरण और राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा, पार्षद सोनू संधू और पूर्व पार्षद पवन राणा रहे। हरपाल ढांडा के कर कमलों से कॉलेज प्रांगण में पौधरोपण करवाया गया। एनसीसी कैडेट्स की टुकड़ी ने मुख्य अतिथि को कार्यक्रम स्थल तक एस्कॉर्ट किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के महासचिव एलएन मिगलानी, सचिव रवि गोसांई, मैनेजर आईबीएल पब्लिक स्कूल युधिष्ठिर मिगलानी, कॉलेज प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, उप प्राचार्या डॉ.किरण मदान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू और स्टाफ सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट देकर उनको सम्मानित किया गया। हरपाल ढांडा ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सेवा की भावना जगाना है। देश, समाज, मानवता की विद्यार्थी सेवा करें। शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से संचालित, एनएसएस छात्र स्वयंसेवकों को विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है जो समुदायों के कल्याण और विकास में योगदान करती हैं। उन्होंने युवाओं को सम्बोधित करते हुए यह भी कहा कि कोई भी काम छोटा-बड़ा नहीं होता। वहीं मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा, कॉलेज के प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, उप प्राचार्या डॉ.किरण मदान ने 30 विद्यार्थियों को मेरिट प्रमाण पत्र दिए। मंच संचालन डॉ.मोनिका द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा को शाल और स्मृति चिह्न देकर आभार व्यक्त किया गया। वहीं सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अल्बेंडाजोल की टेबलेट वितरित की गई।

---

# कैमलस से बागवानी का उत्पादन बढ़ेगा

**पानीपत।** कृषि एवं हेल्थ केयर सेक्टर से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाली वैश्विक कंपनी बायर ने कैमलस लॉन्च किया। भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका के बायर के क्रॉप साइंस डिवीजन के क्लस्टर कॉमर्शियल लीड मोहन बाबू ने बताया कि कैमलस पेस्ट स्पेक्ट्रम कीटनाशक है। जिसे विशेष रूप से भारत के बागवानी किसानों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। चबाने और चूसने वाले कीटों च्यूइंग एंड सकिंग पेस्ट को नियंत्रित करने के लिए अनूठे पेस्ट स्पेक्ट्रम कंट्रोल के साथ यह दोहरे एक्शन में काम करता है जो कि बागवानी फसलों की खेती के लिए जरूरी है। प्रीमियम सब्जी मार्केट को लक्ष्य करते हुए कैमलस को हरियाणा आदि राज्यों में उपलब्ध कराया जा रहा है।

### समाजसेवी विक्रम का निधन



**समालखा।** पूर्व एनएलए रविन्द्र मच्छरौली के अनुज समाजसेवी विक्रम मच्छरौली की ब्रेन हेमरेज होने से मंगलवार को निधन हो गया है। ब्रेन हेमरेज होने पर उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों के भ्रसक प्रयासों के बावजूद भी विक्रम को बचाया नहीं जा सका। वहीं विक्रम के निधन से समालखा हलके में शोक छाया हुआ है। क्षेत्र में विक्रम जनता के बीच अपने सेवा भाव के लिए प्रसिद्ध थे। जबकि पूर्व एमएलए रविन्द्र मच्छरौली ने कहा मैंने लक्ष्मण जैसे भाई को खो दिया।

### हिसार की महिला से पानीपत में रेप

**पानीपत।** पानीपत के एक युवक ने हिसार की विवाहित महिला से सोशल मीडिया पर दोस्ती की और उसे बहका कर पानीपत एक होटल में बुला लिया। युवक ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। यह मामला गत वर्ष का है। इधर, महिला की शिकायत पर हिसार पुलिस ने आरोपी आशु लौच के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच के लिए पानीपत पुलिस को रेफर कर दी है। विवाहिता का आरोप हे कि आरोपी आशु उसे अश्लील वीडियो का हवाला देकर उसक शारीरिक शोषण करता रहा और उससे रूपये वसूलता रहा।

### कानून व्यवस्था कमजोर हुई: चौटाला

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 स्थित लक्ष्मी गार्डन में इनेलो प्रमुख अभय चौटाला ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने भी शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में अभय चौटाला ने कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा और जेजेपी सहित कांग्रेस पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। वहीं चौटाला ने कहा कि 25 तारीख को चौधरी देवीलाल का सम्मान दिवस ऐतिहासिक होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में भूपेंद्र हुड्डा एंड पार्टी की गलत नीतियों के चलते भाजपा की तीसरी बार सरकार बनी है।

### कम स्क्रीन टाइम पर सेमिनार

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में कम स्क्रीन टाइम विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों को मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। वहीं, लीलावती चतुर्भुज ट्रस्ट हास्पिटल के डा.अजय ने बच्चों की आंखों की जांच की और उन्हें स्वस्थ आंखों के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक संजीव जैन व प्रिंसिपल मोनिका सहगल आदि उपस्थित रहे।

---

# पढ़ाई के साथ स्वच्छता को बढ़ावा देंगे: राजीव



**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव कवी में एसएमसी की मासिक बैठक का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव कवी में मंगलवार को एसएमसी की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसएमसी प्रधान राजीव कुमार द्वारा की गई। बैठक में स्कूल प्रिंसिपल सुरेश दलाल ने बताया कि स्कूल को मिले वार्षिक बजट से मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है। जबकि एसएमसी प्रधान राजीव कुमार ने एसएमसी सदस्यों से स्कूल के मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते हुए कहा कि स्कूल में बच्चों को गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के साथ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए पौधे रोपे, स्कूल परिसर में व आसपास स्वच्छता रखें। इस अवसर पर एसएमसी के अशोक सोलंकी, राजकुमार, सोमदत्त शर्मा, सुनील, शीतल, पूजा आदि उपस्थित रहे।

---

### आर्य कॉलेज में विद्यार्थियों ने खाई एलबेंडाजोल की टेबलेट्स



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के विद्यार्थी, कृमि दिवस पर एलबेंडाजोल टेबलेट्स को लेकर प्रचार करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आर्य कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एलबेंडाजोल टैबलेट्स वितरित की गई। कॉलेज की उपाचार्या डॉ.अनुराधा सिंह ने कहा कि यह गतिविधि एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों का हिस्सा है, जो उनमें सामाजिक कल्याण की भावना को विकसित करती है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो.मनीषा डूडेजा ने बताया कि ये टैबलेट्स शरीर में मौजूद कृमियों को नष्ट करती हैं और इनका कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। एनएसएस कार्यक्रम की अधिकारी प्रो.आस्था गुप्ता ने बताया कि एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों को 10 टीमों में बांटकर अलग-अलग कक्षाओं में भेजा गया। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को कुल 800 टैबलेट्स वितरित की।

---

# गुरु अर्जन देव को गुरयाई दिवस पर श्रद्धांजलि दी



गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला संबोधन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

गुरुद्वारा नानक साहब माडल टाऊन में संगत द्वारा पांचवें गुरु अर्जन देव महाराज का 444वां गुरयाई दिवस बहुत ही श्रद्धा के साथ मनाया। इस उपलक्ष्य में स्त्री सत्संग सभा द्वारा श्री सुखमणि साहिब को पाठ किए गाए।

वहीं भाई गुरमुख सिह से गुरवाणी कीर्तन करके संगत को निहाल किया। जबकि प्रसाद की सेवा बीबी मनजीत कौर व राजेश अरोड़ा परिवार की तरफ से की गई। इधर, गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने कहा कि सिख गुरुओं ने सदैव सनातन धर्म की भी रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया। गुरूओं की वीरता, त्याग, बलिदान हमेशा देश की आत्मा में जीवित रहेगा। इस अवसर पर श्याम सिंह, कृष्णा, कृरुणा कौर, सरोज देवी, सीमा अरोड़ा, रितु अरोड़ा, भूपिंद्र कौर, रुबी कौर, गुलशन कौर,बबली कौर कशिश मल्होत्रा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

**प्रतियोगिता** माउंट आबू स्कूल में एसजीएफआई तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित

# तीरंदाजी में विद्यार्थियों ने दिखाया दम

■ अंडर–14 इंडियन राउंड (लड़के वर्ग में) विनय एक्सेल इंटरनेशनल स्कूल, विराट अभिनव स्कूल, सरताज सिंह स्माल वंडर स्कूल विजेता रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** एसजीएफआई तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

एनवी आर्चरी अकादमी ने माउंट आबू स्कूल में जिला स्तरीय एसजीएफआई तीरंदाजी प्रतियोगिता में हुई।

पानीपत जिला तीरंदाजी कोच नागेश्वर वशिष्ठ ने बताया कि अंडर–14 इंडियन राउंड (लड़की वर्ग में) शाइन, एक्सेल इंटरनेशनल स्कूल, तरिशा स्माल वंडर स्कूल, दिव्यांशी पाइट अंसल, अंडर–14 इंडियन राउंड (लड़के वर्ग में) विनय एक्सेल इंटरनेशनल स्कूल, विराट अभिनव स्कूल, सरताज सिंह स्माल वंडर स्कूल, अंडर–14 कंपाउंड (लड़के वर्ग में) गर्व चैतन्य स्कूल, इक्षित व अवन्शु पाइट, एनएफएल, अंडर–14 रिकर्व (लड़के वर्ग में आयुष स्माल वंडर स्कूल, हरित पाइट एनएफएल, वाशु हरे कृष्णा स्कूल, अंडर–17 कंपाउंड राउंड (लड़के वर्ग में) प्रियांशु चैतन्य स्कूल, आहन व वंश बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल, अंडर–17 रिकर्व राउंड (लड़के वर्ग में) उन्नत आरएनएम स्कूल, राहुल गुप्ता बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल, अंडर–17 इंडियन राउंड (लड़के वर्ग में) शैलेश्वर एमएएसडी स्कूल, प्रयाग अभिनव स्कूल, विशेष पाइट एनएफएल, अंडर–17 इंडियन राउंड (लडकी वर्ग में) अक्षरा गीताजंलि पाइट एनएफएल, राधिका अभिनव स्कूल, अंडर–19 इंडियन राउंड (लड़के वर्ग में) आदित्य व पाइट एनएफएल, सक्षम माउंट अबू स्कूल, निहार पाइट अंसल स्कूल, अंडर–19 रिकर्व राउंड (लड़के वर्ग में आर्यन पीएम एसएच जीएसएसएस विजेता रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**अनिल जैन पुत्र श्री हुक्म चन्द जैन निवासी महावीर कालोनी, पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी अनिल जैन पुत्र श्री हुक्म चन्द जैन निवासी महावीर कालोनी पानीपत ने इस कार्यालय में एक दरखास्त प्रस्तुत करके कहा है कि जायदाद दर खसरा न0.3265/1(1-14), 3267/2(0-8), 3270/4(0-1), 3270/8(0-12) कुल किते 4 कुल रकबा 2 बीघे 15 बीस्वे का 64/1100 भाग बाकदर रकबा 3 बिस्वे 4 बिस्वांसी वाका पति तरफ राजपुतान पानीपत बरूवे विक्रय पत्र वसीका न0.2848 दिनांक 07-07-1990 एस.आर. पानीपत व ततीमा रजिस्टरी वसीका न0.3057 दिनांक 21-11-1991 एस. आर. पानीपत अनुसार प्रार्थी के पिता जी श्री हुक्म चन्द जैन पुत्र श्री जोहरी मल जैन की खरीदकर्ता मलकीयत व मकबूजा है। जिसका इन्तकाल दर्ज व मन्जुर नही हो सका। इसलिये इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त जायदाद सम्बंधित वसीका के इन्तकाल का फैसला दर्ज/मन्जुर होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 मेरे कार्यालय में पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उक्त रकबा/उपर दर्शाई गई वसीका का इन्तकाल नियमानुसार दर्ज/ मन्जुर कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 26-08-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.626 है।

**तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब- रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

**बराड़।** रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति चलती ट्रेन से गिरकर मौत का शिकार हो गया। जीआरपी इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि मृतक के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला। केवल लुधियाना से गोंडा का रेलवे टिकट बरामद हुआ है। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

### कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया

**बराड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर एसएमओ डॉ. तरुण प्रसाद और एएसएमओ डॉ. बीरबल सिंह ने बच्चों को एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. प्रसाद ने बताया कि यह दवाई 19 वर्ष तक के बच्चों को दी जाती है ताकि पेट के कीड़े खत्म हो सकें। बराड़ा ब्लॉक में लगभग 40,400 बच्चों को गोलियां दी जानी हैं, जिनमें से 27,400 बच्चों को दी गईं, बाकी को 2 सितम्बर को दी जाएंगी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी अरूण को गिरफ्तार किया है। जटवाड़ के अनिल कुमार ने 24 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि इंदिरा पार्क के नजदीक गांधी ग्राउंड के बाहर से किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बच्चों को कृमिनाशक की गोलियां खिलाई

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 17 से 19 वर्ष की आयु वर्ग की छात्राओं को कृमिनाशक दवा अल्बेंडाजॉल की गोलियां वितरित की गईं। कुल 120 छात्राओं ने इस स्वास्थ्य पहल का लाभ उठाया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस इकाई और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

### भैंस चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज भैंस चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मुल्तकीम उर्फ कालू व मोहम्मद इश्तिकार उर्फ तारा को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक पुलिस पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर नकदी बरामद की जा चुकी है।गांव बिंजलपुर के रहने वाले राहुल कुमार ने 25 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रात को आरोपियों ने उसकी व राकेश कुमार की भैंस चोरी की है।

### देसी कट्टा व जिंदा रौंद के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त आरोपी रोहित कुमार उर्फ लाला को पहले ही अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।







# भारी बरसात के कारण फिर ठहरी जिंदगी रिहायशी कॉलोनियों में भी हुआ जलभराव

## मुख्य सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों की बढ़ी दिक्कत

रेलवे अंडरब्रिजों के नीचे जलभराव होने की वजह से आवाजाही हुई बंद, निकासी के लिए निगम की ओर से चलाए गए पंप, मेयर बोले, पानी निकासी में लगता है समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




सोमवार देर रात से हो रही बरसात की वजह से ट्विन सिटी की ज्यादातर रिहायशी व व्यवसायिक कॉलोनियों में जलभराव हो गया। कई मुख्य सड़कों पर भी पानी भर गया। जलभराव के कारण इंको समेत कई अंडरब्रिजों से वाहनों की आवाजाही कुछ समय के लिए बंद करनी पड़ी। हालांकि निगम की ओर से कॉलोनियों के साथ अंडरब्रिजों से पंपों के जरिए पानी निकालने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। शाम तक ज्यादातर कॉलोनियों से पानी का स्तर नीचे चला गया था।

### शहर में इन जगह भरा पानी

भारी बरसात की वजह से अंबाला शहर के जंडली, लक्ष्मी नगर, सेक्टर 9 और 10, कपड़ा बाजार, इंको रेलवे अंडरपास, जगाधरी गेट और बीडीपीओ ऑफिस के सामने के इलाकों में भारी जलभराव हुआ है। इसके अलावा ज्यादातर रिहायशी कॉलोनियों में भी पानी भर गया। जलभराव के कारण लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रेलवे अंडरपासों में पानी भरने की वजह से प्रशासन ने उन्हें बंद कर दिया है। इसके कारण कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर रेलवे पुल पर चढ़कर गुजरना पड़ा। अंबाला शहर की तरह अंबाला छावनी के भी कई हिस्सों में पानी भर गया। निचले इलाकों में दो फुट तक पानी भर गया । बारिश के कारण सड़कों पर भी जाम की स्थिति बनी हुई है। अंबाला-साहा हाईवे की सर्विस लेन और सुभाष पार्क के सामने की सड़कों पर भी जलभराव हो गया है। बराड़ा का अधोया रोड, अनाज मंडी, रेलवे अंडरपास, बीडीपीओ ऑफिस के सामने मेन रोड, बंसल पैलेस चौक के पास बराड़ा गांव की तरफ जाने वाली सड़क, जंडली, लक्ष्मी नगर, इंको अंडर पास, माता रानी चौक, जंडली अंडर पास, उत्तरांचल कॉलोनी, मॉडल टाउन रोड में भी जलभराव की स्थिति देखी गई। नगर निगम ने इन क्षेत्रों में पंपों के जरिए पानी निकालना शुरू कर दिया था।जलभराव को लेकर अंबाला शहर की मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि पंपों के जरिए पानी को कॉलोनियों से निकालने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बाथरूम में भी एक साथ एक बाल्टी भर पानी डाल दो तो उसको निकलने में भी टाइम लगता है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ घंटों में स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो जाएगी।

### भारी बरसात के कारण 18 ट्रेनें हुई रद्द

**अंबाला।** भारतीय रेलवे ने भारी बरसात के कारण 18 ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है। जिन यात्रियों के पास इन ट्रेनों का मेन रिजर्वेशन है उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी। अंबाला डिवीजन के वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक नवीन कुमार झा ने बताया कि पंजाब की चक्की नदी के कटाव के कारण डाउन लाइन पूरी तरह प्रभावित हो गई है। पठानकोट से कंडोरी तक ट्रैक खराब हो गया है, जिस वजह से रेलवे को यह कदम उठाना पड़ा। रेलवे ने कहा कि अगले आदेश तक ये ट्रेनें रद्द रहेंगी और टिकटधारकों को एसएमएस से जानकारी दी जाएगी। झा ने बताया कि रेलवे सभी यात्रियों को उनकी टिकट का पूरा रिफंड देगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों को इस समय यात्रा करने से बचना ही चाहिए। इन ट्रेनों के निरस्त होने से सबसे अधिक जम्मू रूट प्रभावित होगा। इसके अलावा दिल्ली, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, जालंधर, पठानकोट आदि स्टेशनों के यात्रियों को दिक्कत होगी।

## छात्रों को खिलाई 54844 एल्बेंडाजॉल की गोलियां

- कार्यक्रम की चेकिंग के लिए 20 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सीएचसी के अंतर्गत 54844 को एल्बेंडाजॉल की गोलियां खिलाई गई है। जिनमें 1 से 19 वर्ष के 51753 बच्चें और 20 से 24 वर्ष की 3091 महिलाएं शमिल हैं।

एसएमओं डॉ. गुरप्रीत सिंह ने बताया कि ब्लॉक का लक्ष्य 60775 है जिसमें से 51753 बच्चों को गोलियों खिलाई गई है। शेष बच्चों को मॉप-अप दिवस को 2 सितंबर को खिलाई जाएगी।

यह गोलियां स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूलों, हाई-रिस्क एरिया में खिलाई गई। इस कार्यक्रम की चेकिंग के लिए 20 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई थी। एसएमओ ने बताया कि कीडे होने से पेट में दर्द रहता है, खून की कमी हो जाती है, चिडचिड़ापन रहता है।

बच्चों में पेट का दर्द का मुख्य कारण आंतों का संक्रमण है जो आंतों पर प्रजीवियों कीडों के कारण होता है। उन्होंने बताया है कि आंतों के कृमि बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालते हैं जिससे उनमें खून की कमी, अनीमिया कुपोषण, पेट दर्द, थकावट एवं बीमारी कमजोरी और पढ़ाई पर असर पड़ता है। बच्चों को समय-समय पर कृमिनाशक दवा देना आवश्यक है।



शहजादपुर। बच्चों को कृमिनाशक गोलियां खिलाती शिक्षक।

### सिख दंगों के पीड़ित परिवारों को नौकरी देने का फैसला स्वागत योग्य

**बराड़ा।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्य एवं एनआरआई विंग चेयरमैन राजिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 1984 के सिख विरोधी दंगों में मारे गए लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह कदम इंसाफ की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है और पीड़ित परिवारों के घावों पर मरहम लगाने जैसा है। राजिंदर सिंह ने बताया कि दंगों के दौरान प्रदेश में 121 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 20 गुरुद्वारे जलाए गए थे और सैकड़ों दुकानें व मकान तबाह कर दिए गए थे। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों बाद सही, लेकिन सरकार ने पीड़ित परिवारों का ध्यान रखा है।

## अंडर-19 वॉलीबॉल की टीम ने जीता रजत पदक पांच खिलाड़ियों का राज्य टीम के लिए चयनित

- अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में बराड़ा ब्लॉक की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नाम रोशन किया है। विद्यालय की अंडर-19 वॉलीबॉल टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर रजत पदक अपने नाम किया। अंडर-14 वर्ग में खिलाड़ी वंदीप, दिग्विजय, अनमोल और गर्व का चयन एसजीएफआई राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसी कड़ी में अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में बराड़ा ब्लॉक की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। इस मुकाबले में स्कूल के खिलाड़ी परमप्रीत का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने अकेले दम पर खेल का रुख बदलते हुए टीम को विजय दिलाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा और चेयरमैन इंदरजीत सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इंदरजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने यह साबित किया है कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी वे उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। हमें उन पर गर्व है।



बराड़ा। खेलों में भाग लेने वाले स्कूल के खिलाड़ी।

## बीकॉम की भावना ने मारी बाजी महिला कॉलेज में हुई प्रतियोगिता



शहजादपुर। प्रशस्ति पत्रों के साथ छात्र।

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के रोजगार प्रकोष्ठ और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के आयोजक प्रो. मनीषा आरोड़ा, प्रो. शिवानी और प्रो. आशु रहे जबकि संयोजक की भूमिका प्रो. भारत गौरव कपूर ने निभाई। इस प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना ने प्रथम स्थान, बीएससी प्रथम वर्ष की रितिका ने द्वितीय स्थान और बीकॉम द्वितीय वर्ष की दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बार एसो. ने दूसरे दिन भी वर्क रखा सस्पेंड

- सीनियर वकील के खिलाफ केस खारिज करने की मांग
- पुलिस पर राजनैतिक दबाव में दूसरा केस करने का आरोप, एसपी ने नहीं दिया कोई संतोषजनक जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट में कीमती बर्फखाना जमीन विवाद बिजली निगम के एसडीओ द्वारा दूसरी एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद बार एसोसिएशन ने दूसरे दिन भी वर्क सस्पेंड रखा। इस मामले में एसडीओ ने बार एसोसिएशन के वकील संजीव मोहन लिब्रहान आरोपी ठहराया है।

बार एसोसिएशन ने इस मामले में विरोध जताते हुए पूरे दिन में कोर्ट का कामकाज ठप रखा। सोमवार को भी सभी वकील पुलिस अधीक्षक इस मामले में मिले थे लेकिन वहां से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद एसोसिएशन ने यह कदम उठाया है।

एसोसिएशन का कहना है कि जब वकील ही सुरक्षित नहीं हैं तो वे समाज की रक्षा कैसे करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि लिब्रहान भाईयों पर जो भी एफआईआर दर्ज की जा रही हैं वे सभी राजनीति दबाव में कराई गई हैं। यह कार्रवाई पूरी तरह से गलत है। बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट एडवोकेट सतपाल सिंह ने कहा कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि संजीव मोहन लिब्रहान के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस नहीं ली जाती है तो उनका विरोध जारी रहेगा। बता दें कि अंबाला छावनी के कैंट राय मार्केट स्थित 5 एकड़ कीमती बर्फखाना की जमीन पर कब्जे और गाड़ी चढ़ाकर कुचलने के प्रयास के मामले में एसपी अजीत सिंह शेखावत के आदेश पर कैंट पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था इसमें एडवोकेट संजीव मोहन लिब्राहन और तेजिंदर मोहन लिब्राइन पर बीएनएस की धारा 115, 329(3), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया था। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि यह सभी राजनीति दबाव में एफआईआर दर्ज कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जिन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है उनमें सीनियर वकील हैं। उन्होंने कहा कि सीनियर वकीलों पर सुनियोजित तरीके से झूठे केसों में फंसाया जा रहा है। इसकी वजह से दोनों वकीलों की छवि को नुकसान हो रहा है।

## भाजपा सरकार कानून-व्यवस्था कायम रखने में नाकाम : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



विधायक पूजा चौधरी।

मुलाना से कांग्रेस विधायक पूजा चौधरी ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान प्रदेश में पुलिस विभाग के खाली पदों और हरियाणा में बढ़ते अपराधों को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। चौधरी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से सवाल पूछा कि गृह विभाग में कर्मचारियों की स्वीकृत एवं वर्तमान संख्या क्या है और रिक्त पदों को भरने में इतना विलंब क्यों हो रहा है। इस पर मुख्यमंत्री द्वारा दी गई जानकारी में खुलासा हुआ कि वर्तमान में पुलिस कांस्टेबल से इंस्पेक्टर तक के 21,964 पद खाली पड़े हैं। वहीं गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा अधिकारी (हवलदार इंस्ट्रक्टर से कंपनी कमांडर) के कुल 284 स्वीकृत पदों में से केवल 91 पर ही अधिकारी तैनात हैं, जबकि 193 पद रिक्त हैं। विधायक पूजा चौधरी ने कहा कि पुलिस विभाग में भारी संख्या में रिक्तियां होना प्रदेश में अपराध बढ़ने का बड़ा कारण हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपराध और नशे पर रोक लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

### 2.700 किलो गांजा सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस नशा तस्करों पर निरंतर कार्रवाई कर रही है। अब फिर पुलिस ने एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 2.700 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर के न्यू दुर्गा नगर से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी की पहचान बिहार के टेकनमा गांव के रहने वाले सुभाष के तौर पर हुई है। पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। एएनसी के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि 25 अगस्त 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह गांजे की बड़ी खेप लेकर आ रहा है। इसी वजह से पुलिस ने उसे गांजा समेत काबू करने के लिए योजना बनाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### दीपेंद्र हुड्डा ने बिगड़ती कानूनी व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार पर बोला हमला

## सीएम की नहीं मानते अफसर, प्रदेश की डोर दिल्ली में बैठे लोगों के हाथ में

- दीपेंद्र बोले, अपराध में प्रदेश नंबर वन पर काबिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। सांसद दीपेंद्र हुड्डा का अभिनंदन करते पूर्व राज्य सूचना आयुक्त व अन्य।

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुडा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। भाजपा सरकार इस पर विधानसभा में चर्चा को भी तैयार नहीं थी। कांग्रेस ने आवाज उठाई तो इस विषय पर विधानसभा में चर्चा होगी। हुड्डा मंगलवार को पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मेहता के कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान अंबाला के सांसद वरुण मुलाना भी मौजूद रहे। हुड्डा ने कहा सरकार के आंकडे बता रहे हैं कि प्रदेश में क्या हाल है? पीएम मोदी और अमित शाह का गृह मंत्रालय भी बता रहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था कितनी बिगडी हुई है।सोशल प्रोगेसिव के अनुसार और गृह मंत्रालय के अनुसार प्रदेश सबसे असुरक्षित राज्य है।हत्याओं के मामले में प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। महिला के विरूद्ध अपराधों में प्रदेश नंबर एक पर है।दलितों के खिलाफ अपराधों में 2014 के मुकाबले दोगुना रेट पहुंच गया है।फिरौती के मामलों में भी प्रदेश नंबर वन पर पहुंच गया है।एसटीएफ ने बताया है कि प्रदेश में 80 छोटी बडी गैंग सक्रिय हैं। बेखौफ तो जनता को होना चाहिए लेकिन प्रदेश में अपराधी बेखोफ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय में गैंगस्टर या तो अपराध छोड गए थे या प्रदेश छोड गए थे। अब गैंगस्टर खुलेआम सोशल मीडिया पर हत्या डकैती फिरौती की जिम्मेवारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नारायणगढ के साथ-साथ पूरे प्रदेश में यही हाल है। मुख्यमंत्री हर बात को हंस कर टाल देते हैं। हंसकर इसलिए टालते हैं क्योंकि अफसर तो उनकी सुनते नहीं हैं।अफसरों को पता है कि उनकी डोर दिल्ली में बैठे लोगों के हाथ में है।अफसरों की ट्रांसफर तो कहीं ओर से होती है इसलिए अफसर इनकी नहीं मानते हैं। वोट चोरी के सवाल पर दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा चुनाव में भी भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलकर व्यापक गडबडी की है।कांग्रेस इसका अध्ययन कर रही है।सभी तथ्य जनता के सामने रखें जाएंगे। महादेवपुरा,महाराष्ट्र में गडबडी सामने आई है। चुनाव आयोग भाजपा का सहायक आयोग बन गया है।इसको भाजपा आयोग कहना चाहिए।कांग्रेस का वोट चोरी को शुरू किया अभियान जारी रहेगा। सांसद वरूण चौधरी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सब देख रहे हैं। नारायणगढ में मर्डर हो रहे हैं।सिक्योरिटी वाले लोगों पर फायरिंग हो रही है।फिरौतियां मांगी जा रही हैं।कुछ लोग तो पुलिस के पास भी नहीं जा रहे हैं। फिरौतियां देनी भी शुरू कर दी है। अपराधियों को कोई खौफ नहीं है। मौके पर कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान , पूर्व चेयरमैन ब्रह्मपाल राणा,प्रताप राणा पूर्व जिला प्रधान एनएसयूआई पंचकूला ,पूर्व विधायक राजपाल भूखड़ी भी मौजूद रहे।